जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2016/ 19

दिनांक 25/10/16

प्रति,

विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/अधिकारी/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय
एवं प्राचार्य/प्राचार्या, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

अंतिम स्मरण-पत्र

विषय – वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2015 –16 हेतु जानकारी भेजने बाबत्।

संदर्भः– क्रमांक एफ/प्रशा/स्था/प्रवेश/2016/766,985 दिनांक 28.07.2016,05.10.2016 के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2015–16 का (01 जुलाई 2015 से 30 जून 2016 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना हैं जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :–

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये) एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जाये।
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता हैं तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछ्ड़ा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावे)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाइप कराकर भेजे जा सकते हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते हैं। पूर्व वर्षो में आपकी ओर से यह जानकारियां कई स्मरण पत्र भेजने के पश्चात् भी प्राप्त नही हुई है। कृपया इस प्रकार की प्रवृत्ति की पुर्नावृत्ति न हो।

शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय–सीमा में जानकारी विश्वविद्यालय में नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य की वेतन वृद्धि रोकी जाने हेतु शासन को सूचना भेजी जावेगी तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नहीं भेजते हैं तो सम्बन्धित महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

अतः कृपया व्यक्तिगत रुचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 10.10.2016 तक संलग्न प्रपत्रानुसार तीन–तीन प्रतियों में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (सीडी) में अनिवार्यतः कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में भेजने की व्यवस्था करें। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के डाटा सेन्टर के ई–मेल { judatacentre@gmail.com} पर भी आवश्यक रुप से भेजे।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्रंमाक 1176/1529/2016/38–3,

"भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है" इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करे।

टिप्पणीः– 1. जो महाविद्यालय/विभाग संदर्भित पत्र के प्रत्युतर मे जानकारी भेज चुके है, उन्हे पुनः जानकारी भेजने की आवश्यकता नही है।

2. स्मरण पत्र जाने के उपरान्त भी जिन विभागो/महाविद्यालयो से जानकारी प्राप्त नही होगी उनके सम्बन्ध मे सम्बन्धित विभाग/ महाविद्यालय से जानकारी अप्राप्त है टिप्पणी अंकित कर वार्षिक प्रतिवेदन को अंतिम रूप प्रदान कर उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव शासन एवं विधान सभा सचिवालय की ओर प्रेषित कर दिया जावेगा।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नाकिंत की ओर इस निवेदन के साथ कि शासन स्तर से भी उचित निर्देश जारी किये जाने का कष्ट करें।

1. प्रमुख सचिव, उच्चशिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, विधान सभा सचिवालय, भोपाल।
3. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. वेबसाइड प्रभारी, इस सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय, की वेबसाइड पर अपलोड करे।

उप–कुलसचिव(प्रशा०)

D:/Arjun Bhagat Sir/Letter